पंजाब केसरी 21/10/2022

# यूनाइटेड नेशन ऑर्गेनाइजेशन का सैमीनार आयोजित




*सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आयोजित सैमीनार में डा. सुरेंद्र सिंह का अभिनंदन करते हुए।* (चंद्रमोहन)

अम्बाला छावनी, 20 अक्तूबर (मनीष): सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल में यूनाइटेड नेशन ऑर्गेनाइजेशन का सैमीनार आयोजित किया गया। जी.एम.एन कालेज अम्बाला कैंट के प्रो. डा. सुरेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि ने बच्चों को संयुक्त राष्ट्र संघ के बारे में विस्तार रूप से जानकारी दी। बच्चों ने संयुक्त राष्ट्र के बारे में अनेक प्रश्न पूछ कर इस विषय में रुचि दिखाई।

यू.एन. के महत्व के बारे में विस्तार से बताया एवं स्थाई और अस्थाई सदस्यों के बारे में भी बड़े अच्छे ढंग से जानकारी दी। सिक्ख सीनियर सैकेंडरी स्कूल के प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष सरदार जगमीत सिंह जोश और प्रधानाचार्य सुखजिंदर कौर कीथ व उप प्रधानाचार्य रीटा शर्मा ने पुष्प गुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर डा. सुरेंद्र सिंह को सम्मानित किया।